प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

11.11.2025/प्रादेशिक समाचार/0920 बजे

0000

'' पहले मुख्य समाचार''

- दिल्ली कार विस्फोट के बाद हिमाचल में भी हाई अलर्ट—सीमावर्ती क्षेत्रों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस ने बढ़ाई सतर्कता।
- अंतर्राष्ट्रीय लवी मेला आज से आरंभ, 17वीं शताब्दी से शुरू हुआ ये ऐतिहासिक मेला आज भी है प्रदेश का महत्वपूर्ण व्यापारिक मेला।
- चंबा में होम्योपेथिक चिकित्सा पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन, देश भर के 19 राज्यों के 300 चिकित्सक ले रहे भाग।
- कुल्लू जिला के बंजार में कल हुए अग्निकांड में 16 मकान जलकर राख, 20 परिवार हुए प्रभावित।

अलर्ट

दिल्ली में कल लाल किला के सामने हुए कार विस्फोट में आठ लोग मारे गये हैं और कई अन्य लोग घायल हो गए। गृह मंत्री अमित शाह ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद कहा कि धमाके की जांच में सभी विकल्पों को ध्यान में रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्दी ही धमाके के सही कारणों का पता चलेगा। दिल्ली में हुए धमाके के दृष्टिगत हिमाचल में भी पुलिस सतर्कता बरत रही है और हाई अलर्ट कर दिया गया है। हिमाचल पुलिस ने लोगों से सर्तक रहने और अफवाहों से बचने की अपील की है। पुलिस द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों और संवेदनशील इलाकों में सतर्कता बढ़ा दी गई है।

लवी मेला

अंतर्राष्ट्रीय लवी मेला आज से शिमला जिले के रामपुर बुशहर में आरंभ हो रहा है। यह मेला 17वीं शताब्दी में तत्कालीन बुशहर राज्य और तिब्बत के बीच व्यापार की दृष्टिगत शुरू किया गया था और लंबे समय तक एशिया के सील्क रूट पर सर्दियों के मौसम से पहले एक अहम व्यापारिक केंद्र रहा। ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण यह व्यावसायिक मेला आज भी अहम माना जाता है और इसमें आसपास के क्षेत्रों के व्यापारियों सहित दुनिया भर से पर्यटक शामिल होते हैं। .

वंदे मातरम

समग्र देश राष्ट्र–गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस गीत ने भारतीयों की कई पीढ़ियों को एकजुट रहने और राष्ट्रीय भावना पर गर्व करने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रगीत वंदे मातरम के भावपूर्ण गायन और इसकी स्थायी विरासत पर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट...

राष्ट्रीय कार्यशाला

आकांक्षी जिला चम्बा में इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक चिकित्सकों की 19वीं राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश भर के 19 राज्यों के करीब 300 चिकित्सक भाग ले रहे हैं। 13 नवंबर तक इस कार्यशाला में इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सा प्रणाली के महत्व, अनुसंधान और आधुनिक चिकित्सा में इसके योगदान पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इस राष्ट्रीय कार्यशाला के आयोजक डॉ संजीव शर्मा ने कहा की इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति सस्ती, प्रभावी और बिना दुष्प्रभाव वाली उपचार पद्धति है, और इस प्रणाली में प्रयोग होने वाली जड़ी बूटीयां अपार मात्रा में चम्बा में उपलब्ध हैं।

पीएम–उषा योजना

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय बिजनेस स्कूल में केंद्र सरकार की बहुविषयक शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय–एमईआरयू परियोजना और प्रधानमंत्री उषा योजना के तहत तीन दिवसीय प्लेसमेंट बूट कैंप कल शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एमबीए छात्रों की रोजगार योग्यता, कॉर्पोरेट तैयारी और इंटरव्यू कौशल को मजबूत करना है। 3–दिवसीय इस प्लेसमेंट बूट कैंप में छात्रों को आत्मविश्वास बढ़ाने और अपनी क्षमताओं का सही मूल्यांकन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

आग

कुल्लू जिला में बंजार क्षेत्र के झनियार गांव में कल हुए अग्निकांड की एक घटना में 16 मकान जलकर राख हो गए हैं। गनीमत रही कि यहां किसी प्रकार का जानी नुक्सान नहीं हुआ है।

प्रमाण पत्र

पैंशन व पैंशन भोगी कल्याण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पैंशन मंत्रालय एक से 30 नवम्बर तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान आयोजित कर रहा है। इसी कड़ी में आज ऊना में और 12 नवंबर को कांगड़ा में जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर के दौरान पैंशन भोगियों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी के अलावा आधार आधारित फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक के उपयोग पर बल दिया जाएगा, जिससे पैंशन भोगी स्मार्ट फोन के माध्यम से घर बैठे अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकेंगे।

सुर्खियां समाचार पत्रों से ........

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला के शब्द हैं आपदा राहत पैकेज में 30 हजार रूपए की बढ़ोत्तरी, प्रभावितों को अब 8 लाख मिलेंगे। पंजाब ने लिखा है प्रदेश में अब आपदा पीड़ितों को मिलेंगे 8 लाख, मंडी में मुख्यमंत्री ने की घोषणा।

हाईकोर्ट ने पंचायतों में सेवाएं दे रहे ग्राम रोजगार सेवकों को दी राहत दैनिक जागरण की एक खबर है।

दैनिक भास्कर के अनुसार शिमला जिला के चौपाल से बघाट बैंक का लोन डिफॉल्टर गिरफतार, 32.79 लाख रूपए की देनदारी।

मौसम की खबर को दिव्य हिमाचल ने शीर्षक दिया है सीजन में सबसे ठंडी रही रविवार की रात 19 स्थानों पर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- दिल्ली कार विस्फोट के बाद हिमाचल में भी हाई अलर्ट–सीमावर्ती क्षेत्रों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस ने बढ़ाई सतर्कता।
- अंतर्राष्ट्रीय लवी मेला आज से आरंभ, 17वीं शताब्दी से शुरू हुआ ये ऐतिहासिक मेला आज भी है प्रदेश का महत्वपूर्ण व्यापारिक मेला।
- चंबा में होम्योपेथिक चिकित्सा पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन, देश भर के 19 राज्यों के 300 चिकित्सक ले रहे भाग।
- कुल्लू जिला के बंजार में कल हुए अग्निकांड में 16 मकान जलकर राख, 20 परिवार हुए प्रभावित।